रोहतक

गुरुवार, 5 जून 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 125

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 36.9

न्यून. 20.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

विश्व पर्यावरण दिवस

haribhoomi.com


केंद्र ने जारी किया शेड्यूल, एक मार्च 2027 से सभी राज्यों में जनगणना शुरू होगी

## एक अक्टूबर 2026 से चार राज्यों में शुरू होगी जातीय जनगणना

### सबसे पहले जम्मू कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड और लद्दाख में होगी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने दो चरणों में जातीय जनगणना शुरू करने के लिए बुधवार को शेड्यूल जारी कर दिया। इसके अनुसार पहले चरण की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें 4 पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। 1 मार्च 2027 से दूसरा चरण शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ जनसंख्या जनगणना भी कराने का फैसला लिया गया है। इससे जुड़ा नोटिफिकेशन 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में पब्लिश किया जा सकता है। लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी।



केंद्र ने 30 अप्रैल को जातीय जनगणना करवाने का किया था ऐलान

### पहली जातीय जनगणना

केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

सीएम बोले-हरियाणा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की पहली पसंद बना

## प्रदेश में 10 नए आईएमटी जल्द ही विकसित किए जाएंगे : सीएम सैनी

### सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने को तैयार किया अनुकूल वातावरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में एक अनुकूल व सुदृढ़ औद्योगिक वातावरण तैयार किया है। इसके परिणामस्वरूप हरियाणा न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उद्योगों और कंपनियों की पहली पसंद बन चुका है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से आग्रह किया है कि वे हरियाणा में अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर प्रदेश की प्रगति और विकास में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। प्रदेश में 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित की जाएंगी, जिसकी योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा, नवोदित उद्यमियों को सहयोग देने के लिए सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम को बेहतर बना रही है।



उद्योगपतियों से सीएम का आह्वान- विकास गाथा में भागीदार बनें

### उद्योगपतियों से मिले सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार देर सायं अपने निवास संत कबीर कुटीर पर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के प्रमुख उद्योगपति उपस्थित रहे। सैनी ने कहा कि किसी भी प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का होना अनिवार्य है। उन्हें गर्व है कि हरियाणा में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप ये सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश में ट्रक के वैन पर पलटने से 9 की मौत

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ में तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के एक वैन पर पलट जाने से 5 नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। भाषा

### कैंसर से जूझ रहीं हिना ने रॉकी संग रचाई शादी



**नई दिल्ली।** कैंसर से जूझ रहीं टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ गुपचुप शादी कर ली है। रॉकी को कई साल से डेट कर रहीं एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर रजिस्टर्ड मैरिज की तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया। बधाइयों का तांता लग गया है। 37 साल की हिना ने रॉकी को अपना हमसफर बना लिया है। किसी को भी इनकी शादी की कानों-कान भनक तक नहीं पड़ी।

जश्न में 'चीख-पुकार': बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा

# आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ से 11 की मौत, 33 घायल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेटप्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 33 घायल हो गये। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि भगदड़ स्टेडियम के गेट नंबर-1 के मची। स्टेडियम पहुंचने से पहले आरसीबी के खिलाड़ी विधान सभा पहुंचे थे। जहां मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके बाद खिलाड़ियों की टीम बस चिन्नास्वामी स्टेडियम के लिए निकली। बता दें कि आरसीबी की इस विक्ट्री परेड को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु में ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की गई थी। आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

*पुलिस का भीड़ नियंत्रण प्रबंधन फेल हो गया, इसकी पूरी तैयारी भी नहीं की गई थी, आरसीबी के खिलाड़ियों को खुली छत वाली बस में स्टेडियम तक जाना था, हादसे के पीछे आयोजकों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। सिद्धरमैया ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि ये आहत करने वाली घटना है।*



### दम घुटने से मौत

घायलों को शिवाजीनगर के बॉरिंग एवं लेडी कर्जन अस्पताल तथा स्थानीय वैदेही सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्यादातर लोगों की मौत दम घुटने से हुई है। वैसे, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) द्वारा आरसीबी टीम के लिए स्टेडियम में आयोजित विशेष सम्मान समारोह से पहले पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने और स्थिति पर काबू पाने के लिए के लिए हल्का बल प्रयोग किया। वहीं, कहा जा रहा है कि प्रशंसकों की भीड़ एक नाले पर डाले गए अस्थायी स्लैब पर खड़ी हो गई। स्लैब लोगों का भार नहीं झेल सका और अचानक टूट गया, जिससे भगदड़ मच गई। टूटते स्लैब के साथ कई लोग नीचे गिर गए और भीड़ में कुचल गए। लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला।

### पीएम मोदी ने दुःख जताया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुःख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं।

### इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी : सीएम



सीएम सिद्धरमैया ने कहा, विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

*राहुल ने दिया प्रदेश कांग्रेसियों को सफलता का मंत्र*

## पर्यवेक्षक तय समय में काम करें, अपना-पराया नहीं चलेगा

सभी जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द करने को कहा, 11 साल से नहीं हुए नियुक्त

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संगठन के कायाकल्प अभियान के तहत बुधवार को हरियाणा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और एआईसीसी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। कांग्रेस के पास 11 वर्षों से राज्य में जिला स्तर का संगठन नहीं है और गांधी का दौरा इस प्रक्रिया को गति देने के लिए है। राहुल ने कांग्रेस के दिग्गजों को सफलता का मंत्र देते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि सभी तय समय सीमा में काम करें। अपना-पराया, पिक एंड चूज नहीं चलेगा। सभी जिलों में इस माह के अंत तक जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से करें। उन्होंने पर्यवेक्षकों से कहा कि वे पार्टी नेताओं के घर जाने से परहेज करें और अपना काम पारदर्शी तरीके से करें। राहुल ने कहा, किसी भी जिले से शिकायत आई, तो कार्रवाई होगी, पर्यवेक्षकों की तरफ से यह भी शिकायत नहीं आनी चाहिए कि नेताओं ने उनका सहयोग नहीं किया। संकेत मिल रहे हैं कि 30 जून तक जिलाअध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने संकेत दिए हैं कि यदि जिलाध्यक्षों के चयन में देरी हुई तो इसे 15 जुलाई तक हर हाल में कर लिया जाएगा।




### धड़ेबंदी पर जताई नाराजगी

राहुल ने प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी और धड़ेबंदी पर नाराजगी जाहिर करते हुए एकजुटता के साथ काम करने को कहा। उन्होंने विस चुनावों के दौरान जीती हुई बाजी हाथ से निकल जाने पर नाराजगी जाहिर की साथ ही साफ कर दिया कि पार्टी संगठन के हित को देखें अपने निजी स्वार्थ, अपना-पराया पिक एंड चूज नहीं चलने वाला।

### अचानक पहुंचे तंवर

डॉ. अशोक तंवर की प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में अचानक एंट्री हुई और अंदर जाने के लिए भी संदेश आया। राहुल ने पहले चरण की बैठक में 18 वरिष्ठ नेताओं के साथ डेढ़ घंटे तक लंबी चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय और राज्य पर्यवेक्षकों के साथ भी चर्चा की। वैसे, सूची में 17 नाम ही शामिल थे, लेकिन अचानक उसमें तंवर का नाम जोड़ दिया गया।

### बैठक में ये शामिल रहे

बैठक में केंद्रीय नेताओं के अलावा पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, पीसीसी चीफ चौधरी उदयभान, सांसद सैलजा, सांसद रणदीप सुरजेवाला, सांसद लोकसभा दीपेंद्र हुड्डा, धर्मपाल सिंह मलिक और डॉ. अशोक तंवर समेत कई नेता मुख्य मंच पर राहुल के साथ बैठे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को नीचे पर्यवेक्षकों के साथ में बैठाया गया था। बाद में वेणुगोपाल ने बीरेंद्र को मंच पर बुलाया। करें, अपना-पराया नहीं चलेगा

## पंजाब से एक और 'जासूस' पकड़ा, 3 बार जा चुका पाकिस्तान, ज्योति से भी संपर्क

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ संपर्क में रहे पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को भी पुलिस ने पाक के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पहले एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया, जो उसे पाकिस्तान के खुफिया और सैन्य अधिकारियों से जोड़ता है। 'जान महल' नाम का यूट्यूब चैनल चलाने वाले रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है।



आईएसआई के एजेंट के संपर्क में था जसबीर, सूचनाएं लीक करने के आरोप

### पाक उच्चायोग के अधिकारी दानिश के संपर्क में था

जासूस के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी दानिश के संपर्क में था और पड़ोसी देश की अपनी तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था। सिंह को मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया।

## केदारनाथ-बदरीनाथ में भारी बारिश व बर्फबारी, रास्ते बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण हालात बेकाबू होत जा रहे हैं। बारिश और बर्फबारी के कारण केदारनाथ-केदारनाथ धाम के रास्तों में बड़े पत्थर गिरने और भूस्खलन से रास्ते ब्लॉक हो गए हैं। सरकार ने चारधाम यात्रा पर गए श्रद्धालुओं के लिए विशेष हिदायतें जारी की हैं। वहीं, हिमाचल में 2 दिनों से भारी बारिश और बर्फबारी के चलते पहाड़ों पर लैंडस्लाइड का खतरा बढ़ गया है। नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में पिछले दो हफ्तों से भारी बारिश लगातार जारी है। बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण लाखों लोग प्रभावित हैं। सिक्किम के लाचेन में सेना ने विदेशी नागरिकों सहित 30 टूरिस्ट को एयरलिफ्ट करके रेस्क्यू किया। 83 लोग अब भी फंसे हैं। मिजोरम में सरकार ने टूरिस्ट्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों से 13 जून तक राज्य में आने से बचने की अपील की गई है।

कई जगह भूस्खलन, श्रद्धालुओं के लिए विशेष निर्देश जारी

सिक्किम में 83 पर्यटक फंसे, बचाव अभियान जारी








**संसद सत्र** रिजिजू बोले-सरकार ऑपरेशन सिंदूर समेत सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार

*जयराम रमेश बोले-सरकार ने दबाव में 47 दिन पहले संसद सत्र की घोषणा की पहले ऐसा कभी नहीं हुआ*

## मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग संभव

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। रीजीजू ने मानसून सत्र की घोषणा ऐसे समय में की है जब विपक्षी दलों के नेता ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने के लिए सरकार से विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए हर सत्र विशेष सत्र है।' सरकार नियमों के तहत सत्र में सभी विषयों पर चर्चा को तैयार है। सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव भी पेश हो सकता है।



सरकार ने मानसूत्र सत्र का ऐलान विपक्ष के 'स्पेशल सेशन' की मांग के है। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सीडीएस अनिल चौहान के भारतीय जेट गिरने पर सिंगापुर में दिए बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है।

### विशेष सत्र की मांग से भाग रही सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस ने सरकार द्वारा संसद के मानसून सत्र की घोषणा किए जाने के बाद आरोप लगाया कि सरकार पहलगाम आतंकी हमले के बाद घटनाक्रम पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग से भाग खड़ी हुई है, लेकिन उसे कठिन सवालों के जवाब देने होंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि 47 दिन पहले संसद सत्र की तारीखों की घोषणा की जाए। कांग्रेस महासचिव रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आम तौर पर संसद सत्र की तारीखों की घोषणा कुछ दिन पहले की जाती है। कभी भी सत्र शुरू होने से 47 दिन पहले तारीखें घोषित नहीं की गईं।' उन्होंने दावा किया कि ऐसा केवल पहलगाम के निर्मम आतंकी हमले और हत्या करने वाले आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाने में विफलता पर चर्चा करने के लिए तत्काल विशेष सत्र बुलाने की कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों द्वारा बार-बार की जा रही मांग से बचने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर के प्रभाव और इसके घोर राजनीतिकरण, सिंगापुर में सीडीएस के खुलासे, भारत एवं पाकिस्तान के बीच संबंध, पाकिस्तान वायु सेना में चीन की पैठ, मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार दावों और हमारी विदेश नीति तथा कूटनीतिक संपर्क की कई विफलताओं" पर चर्चा से सरकार बचना चाह रही है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में घायलों का तुरंत मिलेगा उपचार : राजपाल

चंडीगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बुधवार राज्य भर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निःशुल्क और नकद रहित आपातकालीन चिकित्सा उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से योजना के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।बैठक के दौरान बताया गया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध सभी अस्पताल स्वतः ही सड़क दुर्घटना उपचार योजना के अंतर्गत शामिल हैं। हालांकि, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि दुर्घटना पीड़ितों को निकटतम उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधा में समय पर और गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने के लिए अधिक संख्या में अस्पतालों को शामिल करने की आवश्यकता है।

### एडीए व डीडीए के ऑनलाइन ट्रांसफर नीति शुरू : मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बुधवार को सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए ) और उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) के लिए ऑनलाइन स्थानांतरण नीति शुरू की। इस पहल का औपचारिक उद्घाटन आज हरियाणा की गृह, जेल ,आपराधिक जांच और न्याय प्रशासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रणाली को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से इन रिक्तियों को व्यवस्थित रूप से भरने के लिए डिज़ाइन किया गया है।डॉ. मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण नीति में विशेष रूप से सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) और उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) कैडर के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में 185 एडीए कर्मचारी हैं।

### वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना में प्रदेश अव्वल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड योजना के तहत प्रदेश में पिछले करीब पांच सालों में अन्य राज्यों के 22,93,961 लाभार्थी अपने हक में राशन सामग्री प्राप्त कर चुके हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने बताया कि योजना के अंतर्गत लेन - देन की संख्या में हरियाणा हमेशा पहले अथवा दूसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन नेशन - वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत राशन का लेन-देन हर महीने बढ़ रहा है।

### कृषि मंत्री ने एपल गार्डन का दौरा किया

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है। इससे जमीन के साथ-साथ लोगों की सेहत में भी सुधार होगा। जहरीला अनाज खाने से लोगों की सेहत भी खराब हो रही हैं और वे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। राणा करनाल में जीटी रोड पर लवली नर्सरी में एपल गार्डन का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि इ नर्सरी में बागवानी पौधों की पौध तैयार की जाती है।

## गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस का 350वां वर्ष भव्यता व श्रद्धा के साथ मनेगा : मुख्यमंत्री

# सिख और गुरु रविदास म्यूजियम के निर्माण कार्य तो तय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुओं की विरासत को संरक्षित करने तथा उनके जीवन दर्शन एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुरुक्षेत्र में बनाये जा रहे सिख म्यूजियम तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम के कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां गुरुओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री सैनी यहां कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख म्यूजियम और गुरु रविदास म्यूजियम के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में सिख म्यूजियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि वह सिख इतिहास, संस्कृति और गुरुओं के योगदान की सम्पूर्ण झलक प्रस्तुत करे। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि सिख इतिहास के तथ्यात्मक दस्तावेजीकरण हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए, जिसमें अनुभवी इतिहासकार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर तथा साहित्य अकादमी से जुड़ी विद्वान हस्तियां शामिल हों, जो म्यूजियम की विषयवस्तु की प्रामाणिकता और गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकें।

■ मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ समिति का गठन करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम के भव्य निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस म्यूजियम को न केवल स्थापत्य की दृष्टि से भव्य बनाया जाए, बल्कि इसकी विषयवस्तु भी संत रविदास जी के जीवन दर्शन, आध्यात्मिक विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने वाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समिति का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस का 350वां वर्ष आगामी नवंबर माह में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर को बड़े स्तर पर भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए अभी से योजनाबद्ध तैयारियां आरंभ की जानी चाहिए

### हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने किया भूमि का आवंटन

बैठक में बताया गया कि सिख म्यूजियम के लिए तीन एकड़ तथा गुरु रविदास म्यूजियम के लिए पांच एकड़ भूमि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा चुकी है। अब इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की मेजबानी करेगी हरियाणा विधान सभा : स्पीकर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा को एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली है। लोक सभा ने राष्ट्रीय स्तर के शहरी स्थानीय निकायों के सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा विधान सभा को सौंपी है। लोक सभा ने इसके लिए हरियाणा विधान सभा को बाकायदा पत्र लिख कर इस सम्मेलन के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने के लिए कहा है। शहरी स्थानीय निकायों की राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में होनी तय हुई है। कॉन्फ्रेंस का आयोजन लोक सभा और हरियाणा विधान सभा सचिवालय के संयुक्त तत्त्वावधान में होगा। कल्याण ने इस आयोजन को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश जारी किए हैं। इस सिलसिले में लोक सभा, विधान सभा सचिवालय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग और गुरुग्राम जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बारे में विधान सभा सचिवालय ने हरियाणा सरकार को भी सूचित कर दिया है। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगमों व अन्य के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

■ विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने दिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश

## धर्मशाला में रंग-रोगन के फर्जी बिल तैयार कर हड़प लिए 1.23 लाख रुपये

### पंचायत विभाग का सेवानिवृत्त एसडीओ गिरफ्तार

**कैथल।** पूंडरी में एसीबी अंबाला ने भ्रष्टाचार के आरोप में एक गिरफ्तारी की है। जानकारी अनुसार एसीबी अम्बाला ने भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी सुन्दर लाल (सेवानिवृत) उपमंडल अधिकारी पंचायती राज पूंडरी को बुधवार को गिरफ्तार कर कैथल कोर्ट में पेश कर जिला जेल कैथल भेज दिया है।

**एसीबी ने दबोचा :** वहीं, एसीबी टीम ने अधिकारी की ओर से करवाए गए अन्य कार्यों की भी जांच की जा रही है, ताकि उनमें हुई गड़बड़ का पता लगाया जा सके। शिकायतकर्ता की ओर से एसीबी अंबाला को दी गई शिकायत के आधार पर एसीबी अम्बाला द्वारा जांच / तफतीश अमल में लाई गई। आरोप था कि आरोपी सुन्दर लाल सेवानिवृत उपमंडल अधिकारी पंचायती राज पूंडरी जिला कैथल ने साकरा में उसकी नियुक्ति न होते हुए भी ब्राह्मण धर्मशाला साकरा जिला कैथल में करवाए जा रहे रंग रोगन कार्य करने के फर्जी बिल तैयार करके एक लाख 23 हजार 578 रुपये की राशि का गबन करके सरकार को वित्तीय हानि पहुंचाई। आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

**पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण समय की जरूरत : चंडीगढ़।** के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के चलते आज पर्यावरण संतुलन एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। इसी के चलते पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण समय की जरूरत बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम से दूसरा अभियान चलाया है।

## 531 पंचायतें मानदंडों पर खरा उतरीं

चंडीगढ़। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत प्रदेश में 531 पंचायतों ने पात्रता मानदंडों को पूरा किया है। यह अभियान सतत विकास लक्ष्य 2 और 3 के अनुरूप है और बेहतर बुनियादी ढांचे तथा थर्ड पार्टी आकलन द्वारा बेहतर पोषण परिणामों को बढ़ावा देता है। मुख्य सचिव ने गत दिवस एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा की। गौरतलब है कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और सामुदायिक विकास में सुधार करना है।

## दिग्विजय युवा प्रदेश अध्यक्ष और प्रो. चीका प्रदेश प्रधान महासचिव नियुक्त

**चंडीगढ़।** जेजेपी ने संगठन में कई पदाधिकारियों की नियुक्तियां की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करके 36 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। जेजेपी द्वारा दिग्विजय सिंह चौटाला को युवा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी हैं। प्रो. रणधीर चीका को प्रदेश प्रधान महासचिव बनाया हैं। महिला प्रकोष्ठ में डॉ. किरण पूनिया को प्रदेश प्रभारी और रजनी दहिया मलिक को महिला प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जेजेपी ने बीसी सेल के प्रदेश प्रभारी के पद पर धर्मपाल प्रजापत रिटायर्ड एक्सईएन और राजेश सैनी को बीसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया हैं। पूर्व विधायक रमेश खटक को एससी सेल का प्रदेश प्रभारी और एडवोकेट सुरेंद्र भागीराम को एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष की कमान दी गई हैं। जेजेपी किसान सेल में रोशन ढांडा प्रदेश प्रभारी और नरेश द्वारका प्रदेश अध्यक्ष होंगे। रविंद्र सांगवान को प्रदेश कार्यालय सचिव बनाया। अन्य पदाधिकारी भी नियुक्त किए गए।

■ जजपा ने 36 पदाधिकारी नियुक्त किए

■ महिला प्रकोष्ठ में डॉ. किरण पूनिया को प्रदेश प्रभारी व रजनी दहिया मलिक को महिला प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी


## सूचना

भारत सरकार के शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित पूर्णतः आवासीय एवं सह-शैक्षणिक पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, कैथल (हरियाणा) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आगामी 13 Dec 2025 दिन शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, 2026 आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा हेतु जनपद कैथल (हरियाणा) के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 5 में अध्ययनरत एवं जनपद कैथल के बोनाफाइड निवासी वे समस्त विद्यार्थी जिनकी आयु दिनांक 01-05-2014 से 31-07-2016 के (दोनों तिथियां सम्मिलित) मध्य हो परीक्षा में आवेदन हेतु पात्र होंगें। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/ अथवा https://navodaya.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से निःशुल्क आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन करने की अंतिम तिथिः- 29-07-2025

अधिक जानकारी हेतु हेल्पडेस्क मोबाइल नं0 8766265684 एवं 8059842731 पर प्रातः 09:00 से सांय 04:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता/- प्राचार्य
पी.एम.श्रीज.न.वि. तितरम,
कैथल (हरियाणा)

## कार्यालय नगर परिषद भिवानी
## सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा नगर परिषद भिवानी क्षेत्र में स्थित आबादी देह तथा लाल डोरा के अर्न्तगत आने वाली सम्पतियों के अभियोगियों को सम्पति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने हैं।

नगर परिषद भिवानी के अर्न्तगत आने वाली सभी सम्पति आई०डी० जो कि लाल डोरा में स्थित हैं की सूची सम्पूर्ण विवरण सहित (कुल 81 आवेदन पत्र) नगर परिषद भिवानी के नोटिस बोर्ड, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, भिवानी, जिला नगर आयुक्त, भिवानी, कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर व उपमण्डल अधिकारी (ना०), भिवानी के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 05.06.2025 को प्रकाशित / चस्पा कर दी जायेगी। आप इस सूची का अवलोकन करके यदि सम्पति आई०डी० में दर्ज विवरण जैसे स्वामी के नाम, सम्पति का क्षेत्रफल, सम्पति में दर्ज मोबाईल न०, सम्पति की श्रेणी आदि विवरण को लेकर 15 दिन के अन्दर-2 (दिनांक 05.06.2025 से 19.06.2025, सांय 5 बजे) तक नगर परिषद कार्यालय भिवानी में अपने दावे/आपत्तियां लिखित में दर्ज करवा सकते हैं।

| क्र०सं० | नगर परिषद | स्थान | कर्मचारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | भिवानी | कमरा नं.-1 | श्री अशोक सांगवान, कर अधीक्षक मोबाईल न० -9812346346 व श्री नीरज, लिपिक मोबाईल नं० -7404246270 नगर परिषद भिवानी। |

सम्पति के स्वामित्व को सिद्ध करने हेतू शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकूला द्वारा जारी पत्र क्रमांक DULB/DMC-HQ/2024/142 दिनांक 12.03.2024 में दिए गए निर्देशानुसार आपको निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे-

1. पिछले 10 वर्षों का बिजली बिल ।
2. पिछले 10 वर्षों का पानी का बिल।
3. कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया दस्तावेज जैसे वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि जिसमें पता शमिल हो।

**अधिकार के पिछले 10 वर्षों का पता लगाने के लिए आवश्यक वस्तावेज :-**

1. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए सम्पति कर की रसीदें।
2. पिछले 10 वर्षों के अधिकार का पता लगाने के लिए निर्मित संरचना प्रमाण पत्र।

**दावाकर्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाले दस्तावेजों की वांछनीय सूची निम्नलिखित हैः-**

1. बिक्री विलेख / हस्तांतरण विलेख।
2. हस्तांरण विलेख/त्याग विलेख / मुक्ति विलेख/जमाबंदी/फरद ।
3. राजस्व अधिकारी के साथ पंजीकृत अदालत का आदेश।
4. रजिस्ट्री/बिक्री विलेख।

**नोटः-** मूल मालिक की मृत्यु के मामले में उपयुक्त उल्लेखित दस्तावेजों के साथ-2 सक्षम राजस्य प्राधिकरण, सिविल अदालत से जारी कानूनी / सिविल अदालत से जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जरूरी है।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद भिवानी।

## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय
### खानपुर कलां, (सोनीपत), हरियाणा

{हरियाणा विधायिका के 2006 के अधिनियम 31 द्वारा स्थापित और यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) और 12बी के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय}
बी++ एनएएसी प्रमाणित

## प्रवेश सूचना (2025-2026)

विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 के दौरान विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग (यूटीडीएस), बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (बीपीएसआईएचएल), क्षेत्रीय केन्द्रों खरल (जींद) एवं कृष्ण नगर (रेवाड़ी) और सेंटर फॉर सोसाइटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च (सीएसयूआईआर) द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। प्रोग्राम्स मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्प, जहां लागू हो, सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रस्तुत किए गए हैं।

### पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स

1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. सामाजिक कार्य में एम.ए.
3. अर्थशास्त्र में एम.ए.
4. इतिहास और पुरातत्व में एम.ए.
5. राजनीति विज्ञान में एम.ए.
6. शिक्षा में एम.ए.
7. संस्कृत में एम.ए.
8. हिंदी में एम.ए.
9. मनोविज्ञान में एम.ए.
10. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)
11. मास्टर ऑफ कॉमर्स (एम.कॉम.)
12. मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट (एमएचएम)
13. सीएसई में एम.टेक. (नेटवर्क सिक्योरिटी)
14. ई.सी.ई. में एम.टेक.
15. फैशन टेक्नोलॉजी-फंक्शनल गारमेंट्स में एम.टेक.
16. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में एम.टेक.
17. इंफॉरमेशन कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
18. गणित में एम.एससी.
19. भौतिकी में एम.एससी.
20. रसायन विज्ञान में एम.एससी.
21. भूगोल में एम.एससी.
22. फूड एंड न्यूट्रीशन में एम.एससी.
23. पर्यावरणीय विज्ञान में एम.एससी.
24. मास्टर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स (एमपीईएस)
25. एम.एड. (मास्टर ऑफ एजूकेशन)
26. एलएल.एम.*
27. आयुर्वेद में एम.डी. (द्रव्यगुण)**
28. आयुर्वेद में एम.डी. (कायाचिकित्सा)**

### पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम्स

1. फ्रेंच में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
2. जर्मन में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
3. रशियन में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा

### डिप्लोमा प्रोग्राम्स

1. फ्रेंच में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
2. जर्मन में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
3. रशियन में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
4. सहकारी प्रबंधन में डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशियंसी

### सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी (सीओपी)

1. माइक्रो फाइनेंस प्रैक्टिसेज एंड वीमेन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
2. फॉक मेडिसन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
3. सहकारी प्रबंधन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी

### अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स

1. अंग्रेजी में बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
2. अर्थशास्त्र में बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
3. बी.कॉम. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
4. बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
5. बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
6. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
7. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
8. बैचलर ऑफ होम साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
9. बैचलर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स/ रिसर्च सहित ऑनर्स)
10. बैचलर ऑफ लाइफ साइंसेज (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
11. बी.ए.-एल.एल.बी.
12. बी.बी.ए-एलएल.बी.
13. बी.फार्मेसी, बी.फार्मेसी (लेटरल एंट्री) (एचएसबीटीई द्वारा आयोजित कॉमन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से)
14. बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.)
15. बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी (बीएएमएस) नीट (यूजी) 2025 में प्राप्त की गई रैंक के आधार पर या सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रीकृत काउंसलिंग के माध्यम से)**
16. मोबाइल कम्यूनिकेशन में बी. वोक.
17. फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपेरल डिजाइनिंग में बी. वोक.
18. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
19. सूचना प्रौद्योगिकी में बी.टेक.**
20. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
21. फैशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**

### खरल (जींद) में क्षेत्रीय केंद्र

**एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स)
4. संस्कृत में बी.ए. (ऑनर्स)

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.

### कृष्ण नगर (रेवाड़ी) में क्षेत्रीय केंद्र

**एनईपी- 2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी),
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स)

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.

### महत्वपूर्ण जानकारी :-

1. उपरोक्त प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 04.06.2025 से 23.06.2025 तक किया जाएगा।
2. सभी प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश क्वालीफाइंग परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
3. *प्रवेश (एलएल.एम. में) बीपीएसएमवी द्वारा आयोजित किए जाने ई-टेस्ट की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
4. **प्रवेश उनके सम्बद्ध नियामक निकायों द्वारा आयोजित काउंसलिंग के आधार पर किया जाएगा।
5. ऑनलाइन प्रवेश आवेदन जमा करने के लिए प्रोसेसिंग चार्जेज सामान्य श्रेणी के लिए रु. 500/- और केवल हरियाणा के एससी, बीसी और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए रु. 125/- है। विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।
6. ऑनलाइन प्रवेश हेल्प डेस्क नं. और ई-मेल हैं :- 8059013131, 9729144411, helpadmission@bpswomenuniversity.ac.in
7. किसी विस्तृत प्रोग्राम के बारे में जानने के लिए, प्रवेश को-ऑर्डिनेटर्स से सम्पर्क करें, जिनके नम्बर विवरणिका 2025-26 में दिये गये हैं।

**आएं और बेहतर भविष्य के लिए हमें ज्वाइन करें**

संवाद-1239/11/84/2026/35366/सी/88/6 दि. 04.06.25 रजिस्ट्रार


## नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म व शोषण करने के आरोपी को सीबीआई ने हिसार से दबोचा

■ आईसीएसई डेटाबेस से बाल यौन शोषण सामग्री सर्च करना महंगा पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/हिसार

केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नाबालिग लड़कियों से रेप व उनका शोषण करने के बड़े मामले में जिले के नारनौंद क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी दिव्यांग है और वह सीएससी चलाता है। सोमवार पर आरोप है कि उसने कई नाबालिग बच्चियों का रेप किया है। मामले के अनुसार उक्त दिव्यांग पर आरोप है कि वह इंटरनेट पर बच्चों का शोषण करने वाली सामग्री सर्च भी करता था, जिसकी वजह से वह पकड़ा गया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार आरोपी को बच्चों के शोषण वाली सामग्री इकट्ठा करने, इंटरनेट पर सर्च करने, वीडियो और फोटो खुद बनाने, एक-दूसरे को फॉरवर्ड करने और इंटरनेट पर अपलोड करने का शौक था। सीबीआई के अनुसार आरोपी के खिलाफ 29 मई को मामला दर्ज किया था। इस ऑपरेशन को बड़े ही गुप्त तरीके से अंजाम दिया। इसके बारे में पहले पूरी छानबीन की गई। पीड़ितों और उनके परिजनों से बात की गई। इसके बाद मामला दर्ज किया गया। जब तक मामला दर्ज नहीं हो गया, तब तक पीड़ितों और उनके परिजनों को कुछ बताने के लिए मना किया गया था ताकि आरोपी को सीबीआई की छानबीन भनक न लगे।सीबीआई के अनुसार इंटरपोल के अंतरराष्ट्रीय बाल यौन शोषण डेटाबेस से बाल यौन शोषण सामग्री की तस्वीरें और वीडियो का पता लगाया। यह सीएसएएम साइबर टिपलाइन रिपोर्ट्स से भी जुड़ा हुआ था, जो गूगल ने तैयार किया था। सीबीआई ने इसकी रिपोर्ट इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर और गृह मंत्रालय को दी। इसके बाद साइबर फोरेंसिक टूल्स की मदद से सभी फोटो और वीडियो की जांच की तो पता चला कि पूरा अश्लील कंटेंट हिसार में बनाया गया है।

■ आरोपी सीएससी चलाता है। कई नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म का आरोप

### आरोपी के घर पर रेड
### डिजिटल सबूत मिले, घर से फोटो व वीडियो भी बरामद

सीबीआई ने पूरे मामले की छानबीन करके मंगलवार देर सायं आरोपी के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जब घर में तलाशी ली तो कई डिजिटल सबूत मिले। इनमें कई फोटो-वीडियो ऐसे थे, जो बिल्कुल साफ थे। इनमें पीड़ित बच्चों की फौरन पहचान भी हो गई। ये वे बच्चे थे, जिनसे आरोपी ने हाल ही में रेप किया।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में भोंडसी से घामरोज कि.मी. 0.70 से 1.90 तक नये रोड का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड सं. 26790)। | बंद होने की तिथि 12.06.2025 | 86.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स (टावर ऑफ जस्टिस) के मुख्य भवन के साथ स्थित साथ लगते ब्लॉक का फिनिशिंग कार्य। | बंद होने की तिथि 12.06.2025 | 191.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में लघु सचिवालय, फेज-III, रोहतक में सोलर पावर प्लांट का प्रावधान + 1 कार्य। | 03.06.2025 13.06.2025 | 310.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | पीजीआईएमएस, रोहतक में नये ओटी में सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्लांट के लिए एएमसी (एयर करटेंस का प्रावधान)। | 03.06.2025 10.06.2025 | 2.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | नारनौल डिवीजन के लिए एसकेएफ/एफएजी/एआरबी/एनबीसी मेक बियरिंग्स की आपूर्ति। | 04.06.2025 16.06.2025 | 5.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसनखान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत विद्युत सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 06.06.2025 29.06.2025 | 160 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नूह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 06.06.2025 30.06.2025 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में एसएमवीए ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत और सर्विसिंग की ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 09.06.2025 23.06.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | सामुदायिक केन्द्र का निर्माण गांव : साई। | 03.06.2025 09.06.2025 | 61.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज पंचकूला | धनदारडु - ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में धर्मशाला का निर्माण (पुनर्निविदा)। | 03.06.2025 09.06.2025 | 20.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 11 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला | एचएसएससी में विभिन्न परीक्षा सम्बन्धित गतिविधियों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग सहित सीसीटीवी, बायोमैट्रिक अंगूठा/आईरिश/क्यूआर/एफआर और तलाशी लेने की सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 03.06.2025 22.06.2025 | ईएमडी 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9988118284 estt.hssc2020@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/220/35376/I/88/6 दि. 04.06.25

## खबर संक्षेप

### कनाड़ा भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे सात लाख

**यमुनानगर।** कनाडा भेजने के नाम पर वीना नगर कैंप निवासी सुरिंद्र पांचाल से सात लाख सात हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप कुरुक्षेत्र के मथाना निवासी राजिंद्र व मोहाली की रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सॉल्यूशंस कंपनी के मालिक राकेश रिखी पर लगा है। गांधी नगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

### 1200 नशीली गोलियों समेत युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम पीएसआई अजय के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रेलवे रोड, भाखड़ा नहर पुल, टोहाना पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि राहुल उर्फ काला पुत्र जंगीर सिंह निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना नशीली गोलियां बेचने का काम करता है। नहर पुल के पास शेड के नीचे नशीली गोलियां बेच रहा है।


### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, बुधवार को 425 सैंपलों की जांच की गई

# तेजी से बढ़ रहे कोरोना मरीज, 16 और मरीज मिले, कुल 86 लोग पॉजिटिव

- गुरुग्राम में 34, फरीदाबाद में 26, करनाल में 11, पंचकूला में चार, अंबाला और झज्जर में तीन-तीन और यमुनानगर हिसार व सोनीपत में एक एक मरीज मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को प्रदेश में 425 लोगों के सैंपल लिए गए। जिनमें 16 लोगों की रिपोर्ट पाजिटिव मिली है। गुरुग्राम में छह, फरीदाबाद में पांच, करनाल और झज्जर में दो-दो तथा अंबाला में एक व्यक्ति संक्रमित मिला। प्रदेश में अभी तक नौ जिलों में कुल 86 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं, जिनमें से 35 ठीक हो चुके हैं। अब तक सबसे ज्यादा गुरुग्राम में 34, फरीदाबाद में 26 और करनाल में 11 मरीज मिले हैं। पंचकूला में चार, अंबाला और झज्जर में तीन-तीन और यमुनानगर, हिसार व सोनीपत में एक-एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई।



### कैथलः आइसोलेशन वार्ड तैयार

कैथल जिले में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना से बचाव के लिए नागरिक अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड को खोल दिया है। जिसमें मरीजों को दाखिल करने के लिए बेड, ऑक्सीजन व अन्य प्रकार की सुविधाएं जुटाई गई हैं। इसके अलावा अस्पताल में कोविड मरीजों के इलाज के लिए वेंटिलेटर की उपलब्धता है। स्वास्थ्य विभाग करीब एक माह से कोरोना के संभावित मरीजों के टेस्ट कर रहा है। ये टेस्ट डॉक्टरों की अनुमति के बाद ही किए जा रहे हैं। जिन लोगों में कोरोना के लक्षण दिखाई देते हैं, डॉक्टर उन्हीं को जांच करवाने के लिए कह रहे हैं। अब तक अस्पताल में 12 लोगों के टेस्ट हो चुके हैं, जिनमें से कोई भी कोरोना पॉजिटिव नहीं पाया गया है।

### अंबाला में 3 केस, सभी होम आइसोलेशन में

अंबाला में कुल 3 कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं। सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं और स्वस्थ हैं। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने बताया कि अब तक जिले में 228 कोरोना टेस्ट किए गए हैं। उन्होंने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन लोग सावधानी जरूर बरतें. उन्होंने अपील की कि खांसी-जुकाम होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जाकर जांच कराएं।

### झज्जर में दो नए केस मिले मरीजों की संख्या 5 हुई

**झज्जर।** कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड़ पर है। बुधवार को झज्जर में 2 नए कोरोना पॉजिटिव केस आए हैं। वहीं, अब तक कुल 5 कोरोना पॉजिटिव मरीज हो चुके हैं। रैपिड टेस्ट में जिन 5 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उन्हें होम आइसोलेट किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड तैयार कर दिए गए हैं।

### रेवाड़ी में एटीएम से चोरी की कोशिश नाकाम, बचे लाखों रुपये

# मुंबई में अलार्म बजने से पुलिस हरकत में आई, दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ककक गांव जौनावास में लगे एचडीएफसी बैंक के एटीएम से 18 लाख रुपये की नकदी चोरी होते-होते बच गई। दो बदमाशों ने एटीएम बूथ के शटर को तोड़ने का प्रयास किया तो अलर्ट का अलार्म मुंबई स्थित हेड आफिस में बज गया। वहां से टीम ने गार्ड और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो दो आरोपित अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे। उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जौनावास में एचडीएफसी बैंक के साथ ही एटीएम बूथ है। रात्रि के समय बूथ पर कोई गार्ड नहीं रहता है और एटीएम बंद रहता है। रात करीब डेढ़ बजे दो युवकों ने एटीएम का शटर तोड़ने का प्रयास किया। जिसके चलते मुंबई स्थित बैंक के हेड आफिस में अलर्ट पहुंच गया।

मुंबई स्थित टीम ने रेवाड़ी पुलिस को डायल-112 पर तथा बैंक में कार्यरत गार्ड को सूचना दी। सूचना पाकर थाना धारूहेड़ा थाना प्रभारी जगदीश अपनी टीम व गार्ड के साथ एटीएम बूथ पर पहुंचे। वहां दो युवक शटर तोड़ने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया।

# पूर्व नौसैनिक का शव 20 दिन बाद आज जर्मनी से पहुंचेगा पैतृक गांव

**महेंद्रगढ़।** पूर्व नौसैनिक कृष्ण देव का शव 20 दिन बाद गुरुवार को जर्मनी से उनके पैतृक गांव सुरजनवास लाया जाएगा। वीरवार की शाम को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। कृष्ण देव बीते कुछ दिनों पहले पूर्व अज्ञात कारणों के चलते उनकी मृत्यु हो गई थी। वर्तमान में वह मर्चेंट नेवी में बतौर इलेक्ट्रिकल ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे। गांव सुरजनवास निवासी मृतक कृष्ण देव के छोटे भाई



कुछ दिन पहले अज्ञात कारणों के चलते पूर्व नौसैनिक की मृत्यु हो गई थी

सुजान सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई कृष्ण देव वर्ष 1989 से लेकर 2004 तक भारतीय नौसेना में कार्य किया है। सेवानिवृत्त होने के बाद वर्ष 2006 से मर्चेंट नेवी में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को वह अपने घर से ड्यूटी पर गए थे। इसके बाद वह जहाज के माध्यम से जर्मनी चले गए थे। इस दौरान उनकी जर्मनी के ब्रेमेरहेवन शहर में जहाज में अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। 16 मई को मर्चेंट नेवी एंग्लो ईस्टर्न दिल्ली कार्यालय से घर पर उनकी मौत की सूचना आई। इसके बाद परिजनों ने शव को लाने के प्रयास तेज किए।

### रेवाड़ी में 6 साल पहले लापता हुआ स्टूडेंट, रेलवे स्टेशन पर मिली थी स्कूटी

# हिसार मंदिर में मिली चिट्ठी में पाक और दुबई भेजने का जिक्र

*गुमनाम चिट्ठी ने जगाई बच्चे के जिंदा रहने की उम्मीद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एक गुमनाम चिट्ठी ने शहर के रहने वाले एक परिवार की बेटे के जिंदा रहने की उम्मीदों को जिंदा कर दिया। हालांकि बेटा कहां और किस स्थिति में है अब यह जानने के लिए माता-पिता पुलिस के पास भटक रहे हैं। हिसार और रेवाड़ी दोनों जगह वह पुलिस के अधिकारियों से मिल चुके हैं। रेवाड़ी पुलिस उनके बेटे की गुमशुदगी के केस को बंद कर चुकी है। हिसार पुलिस उन्हें रेवाड़ी पुलिस से केस रिओपन कराने की बात कही गई है। 11वीं कक्षा में पढ़ने वाला अंश गुलाटी 11 अक्टूबर 2019 को स्कूटी लेकर घर से ट्यूशन जाने की बात कहकर निकला था। मगर उसके बाद फिर कभी वापस नहीं आया। उसकी स्कूटी उसी दिन रात के समय रेवाड़ी जंक्शन के बाहर खड़ी मिली थी। लेकिन तीन दिन पहले अंश के पिता रितेश गुलाटी के हाथ लगी एक चिट्ठी ने बेटे के मिलने की आस जगा दी। हिसार में शुक्रवार को रेड स्क्वेयर मार्केट के शिव मंदिर में एक गुमनाम चिट्ठी मिली। यह चिट्ठी आइजी आफिस हिसार के नाम पर लिखा पर थी। यह चिट्ठी पुजारी ने जब पुलिस को सौंपी तो पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इस चिट्ठी में देश से करीब 100 लोगों को अगवा कर पाकिस्तान और दुबई भेजने का जिक्र था।



अंश गुलाटी का फाइल फोटो।

# प्रदेश के आहरण वितरण अधिकारियों को मिलेगा ई-कुबेर प्रशिक्षण

### बिलों को ऑनलाइन अपलोड और उनके भुगतान की प्रक्रिया को समझेंगे


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के समस्त आहरण एवम वितरण अधिकारियों को 'ई-कुबेर' प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संदर्भ में हरियाणा सरकार ने प्रिन्सिपल अकाउंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट पंचकूला के माध्यम से पत्र जारी करते हुए राज्य के समस्त आहरण एवम वितरण अधिकारियों (डीडीओ) के लिए जिलावार ट्रेनिंग शैडयूल निर्धारित किया है। प्रिन्सिपल डायरेक्ट जनरल ट्रेजरी एंड अकाउंट डिपार्टमेन्ट ने जारी पत्र में बताया है कि ट्रेनिंग के कुल 15 सत्र होंगे। यह प्रशिक्षण 16 जून से 26 जून तक चलेगा, जिसमें एक दिन में एक या दो सत्र होंगे।

डीडीओ को अपने जिले के निर्धारित दिन समय से एक घण्टा पूर्व रिपोर्ट करना होगा। इसके लिए जिले के समस्त आहरण एवम वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

#### ट्रैनिंग शैड्यूल

प्रिन्सिपल अकाउंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट पंचकूला ने अपने पत्र में ट्रेनिंग का विवरण जारी करते हुए लिखा है कि 16 व 17 जून को। 18 जून को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सरकार के विभागों के डीडीओ, 19 जून को कुरुक्षेत्र, भिवानी और चरखी दादरी जिले के डीडीओ, 20 को यमुनानगर, करनाल, पलवल और फरीदाबाद के सभी डीडीओ, 23 जून को पानीपत, सोनीपत, मेवात और गुरुग्राम के डीडीओ, 24 जून को कैथल, जींद, हिसार और फतेहाबाद के डीडीओ, 25 जून को रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, रोहतक और सिरसा के डीडीओ तथा 26 को झज्जर के डीडीओ को इ कुबेर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



**महेंद्रगढ़।** कुलपति प्रो. टंकेशवर के साथ प्लेसमेंट पाने वाली छात्राएं।

### हकेंवि की दो छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की भावना तिवारी और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की संस्कृति सहाय को डियाजियो इंडिया में ग्रेजुएट अप्रेंटिस ट्रेनी के रूप में प्लेसमेंट मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम प्लेसमेंट परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना ने छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए बताया कि भावना तिवारी और संस्कृति सहाय को 3.6 लाख रुपये प्रति वर्ष के वार्षिक पैकेज के साथ डियाजियो इंडिया में ग्रेजुएट अप्रेंटिस ट्रेनी के रूप में प्लेसमेंट मिला है।



## रोहतक में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

# हरियाणा के खिलाड़ी खेल जगत में नए मुकाम हासिल कर रहे : मेजर सत्यपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से बुधवार को राजीव गांधी खेल परिसर स्थित साई सेंटर में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग का शुभारम्भ किया गया। 4 जून से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 500 लड़के, लड़कियां भाग ले रहें हैं। दोनों वर्गों की 27-27 टीमें बनाई गई हैं। पहले दिन के परिणाम देर शाम जारी किए गए। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवा तेजी से खेल जगत में नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। वे हर क्षेत्र में अपना लौहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा 7 जून तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता से युवाओं में नए जोश का संचार होगा और वह भविष्य में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने कहा खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्हें किसी प्रकार की असुविधाएं नहीं होंगी।



## पहले दिन रोचक मुकाबले, प्रदेश के 500 लड़के, लड़कियां भाग ले रहे

### लड़कियों के परिणाम

**46 किलोग्राम**

| नाम | जिला |
|---|---|
| गुंजन | हिसार |
| खुशी | रोहतक |
| निष्ठा | कैथल |
| भूमि | रोहतक |
| राखी | भिवानी |
| दिव्या | साईबी |
| अन्नू | एसआरएस |
| निश्चल | पंचकुला |

**48 किलोग्राम**

| नाम | जिला |
|---|---|
| समृद्धि | अम्बाला |
| कोकिला | महेंद्रगढ़ |
| जिया | हिसार |
| ज्योति | पंचकुला |
| रमनजोत | मेवात |
| रिद्धिमा | कुरुक्षेत्र |

**50 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| मानवी | कैथल |
| प्रतिष्ठा | करनाल |

**52 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| खुशिका | हिसार |
| कुदरत | भिवानी |

**54 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| प्रीति | कुरुक्षेत्र |
| स्नेहा | पंचकुला |
| सिमरन | फतेहाबाद |
| चेष्टा | भिवानी |

**57 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| रितिका | साईबी |
| खुशनूर | एसआरएस |

**63 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| रिंकू | महेंद्रगढ़ |
| यशिका | हिसार |

### लड़कों के परिणाम

**46 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| शिवम | महेंद्रगढ़ |
| राज | एसआरएस |
| अतुल | साईबी |
| उदय सिंह | सीडीआर |
| लखविंद्र | कुरुक्षेत्र |
| गुरप्रित | फतेहाबाद |
| यशवीर | गुरुग्राम |
| आरनव | रोहतक |
| साहिल | जींद |

**48 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| साहिल | करनाल |
| देव | साईबी |
| फलक | सोनीपत |
| वंश | अंबाला |
| धीरज | रोहतक |
| नवीन | साईएच |
| मोहित | फरीदाबाद |
| विराज | गुरुग्राम |
| निखिल | झज्जर |

**50 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| संस्कार | रोहतक |
| गौरव | झज्जर |
| अंशु | पानीपत |
| गुरदीत | फतेहाबाद |
| निशांत | एसआरएस |
| जेजस | सोनीपत |
| ध्रुव | रेवाड़ी |
| अभिनव | साईएच |

**52 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| प्रियांशु | रोहतक |
| वंश | पलवल |
| शौर्य | कैथल |
| आदित्य | साईबी |
| मयंक | करनाल |
| अंकुश | भिवानी |

**54 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| समीर | कैथल |
| गौरव | गुरुग्राम |
| लवेश | फरीदाबाद |
| आर्यन | मेवात |
| लवनीश | झज्जर |
| यश | पलवल |

**57 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| सक्षम | पलवल |
| रजत | कैथल |
| रितेश | फरीदाबाद |
| हर्ष | यमुनानगर |
| भविष्य | गुरुग्राम |
| मोहित | फरीदाबाद |
| नैतिक | रोहतक |

**60 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| खुशप्रित | कुरुक्षेत्र |
| सावन | भिवानी |
| हर्ष | जींद |
| आर्यन | पीएनपी |
| शिवम | करनाल |
| गौरव | रोहतक |
| संदीप | पलवल |

**63 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| शिवसागर | कैथल |
| कुनाल | फरीदाबाद |
| मयंक | चंडीगढ़ |
| विशाल | झज्जर |
| कर्णदीप | करनाल |
| आर्यन | साईबी |
| शुभम | पानीपत |
| धीरज | रोहतक |

**66 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| शिवम | जींद |
| मुकुल | झज्जर |
| कुनाल | सोनीपत |
| नैतिक | गुरुग्राम |
| हर्ष | रोहतक |
| हार्दिक | रेवाड़ी |
| लवीश | करनाल |

**70 किलोग्राम**

| | |
|---|---|
| दिपांशु | रोहतक |
| ओमप्रकाश | रेवाड़ी |
| जहान | जींद |
| सुमित | चंडीगढ़ |


## चाइनामैन कुलदीप ने वंशिका से की सगाई...



**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत में चाइनामैन के नाम से प्रसिद्ध कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त से सगाई कर ली। लखनऊ में बुधवार को आयोजित एक समारोह में कुलदीप की सगाई की रस्म हुई। समारोह में यूपी के कई स्टार क्रिकेटर और परिवार के लोग शामिल हुए। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलने वाले स्टार स्पिनर ने चुपके से सगाई कर ली। सगाई कार्यक्रम प्राइवेट रखा गया। लखनऊ में हुए समारोह में भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और वंशिका की सगाई की रस्म हुई। बता दें कि वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं और वह एलआईसी में कार्यरत हैं। वंशिका और कुलदीप यादव बचपन के दोस्त हैं। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई और अब दोनों ने सगाई कर ली। कुलदीप की सगाई समारोह में रिंकू सिंह सहित कई क्रिकेटर पहुंचे।

## मुसेटी का सेमीफाइनल में अल्काराज से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| पेरिस



लोरेंजो मुसेटी ने अपने बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल करते हुए फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह पक्की की।

इटली के 23 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्टेडियम में ओलंपिक का कांस्य पदक जीता था। फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुसेटी सामने अब गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज की चुनौती होगी। अल्काराज को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-0 6-1 6-4 से हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। महिलाओं के मुकाबलों में तीन बार की गत विजेता इगा स्वियातेक और आर्यना सबालेंका दोनों ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इन दोनों के बीच होने वाले अंतिम चार का मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।

## करुणाकरण-वरियाथ से भारत की उम्मीदें कायम



**जकार्ता।** सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर में के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट तक चले शुरुआती दौर के कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 15-21, 21-16, 21-17 से हराया। इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से 14-21, 9-21 से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ 11-21, 21-16, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।




चिंतन

# गरीब कैदियों को वित्तीय मदद में तेजी लाएं राज्य

देश के जेलों में बंद गरीब कैदियों को जमानत के लिए कानूनी सहायता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारतीय जेलों में हजारों विचाराधीन कैदी हैं, जिन्हें अपने लिए इंसाफ का इंतजार है। भारतीय अदालतों में मुकदमों की इतनी भीड़ है और न्याय व्यवस्था इतनी सुस्त है कि जेलों में बंद आरोपी गरीब कैदियों की न्याय की आस ही पथरा जाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गरीब कैदियों की जमानत में मदद के लिए राज्यों से केंद्रीय कोष का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया है कि वे केंद्रीय कोष से उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें, जो आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना अदा न कर पाने से जमानत या जेल से रिहाई पाने में असमर्थ हैं। सरकार के इस फैसले से गरीब कैदियों को जमानत में और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में मदद मिलेगी। सरकार की पहल पात्र कैदियों को लाभ पहुंचाने की है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के माध्यम से राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सीएनए के रूप में नामित है। मोदी सरकार ने वर्ष 2023 के मई में गरीब कैदियों को सहायता योजना शुरू की थी। इसके तहत केंद्र सरकार राज्यों को वित्तीय मदद करती है और राज्य इस फंड का इस्तेमाल गरीब कैदियों की कानूनी मदद में करते हैं। दिक्कत यह है कि राज्य व केंद्र शासित सरकारें गरीब कैदियों की मदद के लिए इस योजना के क्रियान्वयन में उदासीन रहती हैं। इससे केंद्र को बार-बार राज्यों को याद दिलाना पड़ता है, यह स्थिति चिंताजनक है। देश की जेलों में कैदियों की संख्या क्षमता से अधिक है। राज्यों को अपने यहां की जेलों का ऑडिट करना चाहिए, पात्र कैदियों की पहचान कर उन्हें केंद्रीय मदद का लाभ पहुंचाना चाहिए। इसके लिए राज्यों के जेलमंत्री को अपने स्तर पर पहल कर आधिकारी को लगाना चाहिए। जिन राज्यों ने सीमित मात्रा में गरीब कैदियों की मदद की केंद्रीय योजना का उपयोग भी किया है, उनका भी समग्र कार्यान्वयन उत्साहजनक नहीं है। गृहमंत्रालय की ओर से पूर्व में ही योजना के कार्यान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय कर दी गई है, जिसमें राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में एक 'अधिकार प्राप्त समिति' और राज्य मुख्यालय स्तर पर एक 'निगरानी समिति' गठित की जानी चाहिए। इन समितियों को ही पात्र गरीब कैदियों के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत करने का अधिकार है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ये समितियां मानवीयता व जिम्मेदारी के भाव से अपना काम नहीं कर रही हैं। इससे योजना का लाभ गरीब कैदियों को नहीं मिल रहा है। हाल ही में जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025' के अनुसार, जेलों में कैदियों की राष्ट्रीय औसत कुल क्षमता का 131 प्रतिशत से अधिक है। वहीं कुल कैदियों में विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 प्रतिशत होने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक कारागारों में कैदियों की संख्या 6.8 लाख तक पहुंच जाएगी, जबकि इनकी क्षमता केवल 5.15 लाख तक होगी। देश में एक बड़े जेल सुधार की आवश्यकता है। इसी के साथ पुलिस के काम करने के तरीके में भी सुधार की आवश्यकता है। जेल में विचाराधीन कैदियों की संख्या बढ़ते रहने के पीछे पुलिस का ही दोषपूर्ण व गैरजिम्मेदाराना कामकाज है। हजारों विचाराधीन कैदी अपने ऊपर लगे आरोप में होने वाली सजा की अवधि से अधिक वक्त तक केस खुलने के इंतजार में जेल में बंद हैं। राज्यों को जेल की दशा में सुधार व गरीब कैदियों की मदद के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए।

# पर्यावरण की अनदेखी पड़ रही भारी



विश्व पर्यावरण दिवस
डा.ए.के. अरुण

> पहाड़ों में प्लास्टिक प्रदूषण को मानव जीवन एवं हिमालय पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। उत्तराखंड एवं अन्य पर्वतीय प्रदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से पर्यावरण की दुर्गति की बात करें तो विगत वर्षों के आंकड़े डरावने लगते हैं। उत्तराखंड में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व में मल्टी लेयर प्लास्टिक प्रमुख हैं, जिसमें स्नैक्स के पैकेट, पानी की बोतलें आदि शामिल हैं। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में वर्ष 2018 से प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। अगर पहाड़ और वहां के पर्यावरण को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती पर वन्य जीव और मानव नहीं, केवल कंक्रीट के घर और प्लास्टिक ही रह जाएंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के बहाने हम इस बार उत्तराखंड सहित देश के लगभग सभी पर्वतीय प्रदेशों में पर्यावरण की स्थिति की चर्चा कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में यह दिवस पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने का सबसे बड़ा वैश्विक मंच बन गया है। वर्ष 2025 विश्व पर्यावरण दिवस के समारोह के आयोजन की मेज़बानी इस वर्ष कोरिया गणराज्य कर रहा है। इसका थीम है "वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना।" पृथ्वी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करना सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपभोग को कम करना, पहाड़, समुद्र और महासागरों की सुरक्षा तथा पारिस्थितिकी तंत्र की मरम्मत और जैव विविधता को बनाए रखना शामिल है। उत्तराखंड एवं अन्य पर्वतीय प्रदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से पर्यावरण की दुर्गति की बात करें तो विगत वर्षों के आंकड़े डरावने लगते हैं। उत्तराखंड में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व में मल्टी लेयर प्लास्टिक प्रमुख हैं, जिसमें स्नैक्स के पैकेट, पानी की बोतलें आदि शामिल हैं।

कोरोना महामारी के दौरान के वर्षों में जब लॉकडाउन लगाया गया था, तब वर्ष 2021-22 में उत्तराखण्ड में लगभग 25 हजार टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ था। वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 45 हजार टन को पार कर चुका था। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक प्रदूषण में यह वृद्धि पर्यावरणविदों के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए चिंता का विषय है। पहाड़ों में प्लास्टिक प्रदूषण को मानव जीवन एवं हिमालय पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में वर्ष 2018 से प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। राज्यभर में प्लास्टिक की थैलियों में सामान लेने देने वाले दुकानदारों और ग्राहकों पर छापेमारी की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन इस प्रतिबंध का कोई ख़ास असर तो दिखाई नही दिया। लोग पूछते हैं कि प्लास्टिक का विकल्प क्या है? क्या प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सिर्फ़ दुकानों पर बिकने वाली प्लास्टिक थैलियां ही ज़िम्मेवार हैं।प्‌लास्टिक पैकेजिंग करने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां क्या अपने प्लास्टिक कचरे का ईमानदारी से निस्तारण करती हैं? हरिद्वार, नैनीताल, देहरादून बद्रीनाथ, केदारनाथ आदि स्थान पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। इन जगहों पर प्लास्टिक प्रदूषण की स्थिति बहुत चिंताजनक पाई गई है। प्लास्टिक को पर्वतीय परिपेक्ष्य में भी देखने की ज़रूरत है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट-2016 की "एक्सटेंडेड प्रोडूसर रिस्पांसिबिलिटी" नियम के तहत कंपनियों पर ज़िम्मेदारी होती है कि वे अपने द्वारा पैदा किए गए कचरे का निस्तारण करें लेकिन उत्तराखंड सहित किसी भी पर्वतीय प्रदेश में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों के मुताबिक़ यदि हम प्लास्टिक का ऐसे ही अंधाधुंध इस्तेमाल करते रहे तो अगले 20 वर्षों में प्लास्टिक कचरा बढ़कर दोगुना हो जाएगा। प्लास्टिक कचरे के मामले में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहले नंबर पर है। दूसरे स्थान पर हरिद्वार आता है। वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर जो चिंता जतायी जा रही है उसके मद्देनज़र पहाड़ों और उसके आस पास के इलाकों को प्लास्टिक मुक्त करने की सख़्त ज़रूरत है। भले ही प्लास्टिक ने हमारी



ज़िंदगी आसान कर दी हो लेकिन स्वास्थ्य और पर्यावरण को प्लास्टिक से होते नुक़सान के रूप में दुनिया को इसकी भारी क़ीमत चुकानी पड़ रही है। अभी हाल के एक वैश्विक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक में उपयोग होने वाले कुछ केमिकल मनुष्य और जीव जन्तुओं की सेहत पर भारी पड़ रहे हैं। अध्ययन के अनुसार वर्ष 2018 में दुनिया भर में दिल की बीमारी से हुई 3,56,000 से ज़्यादा मौतों का संबंध प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले एक विशेष रसायन "डाई-2ऐथाइलहेक्सिल फ़्थेलेट"(डीईएचपी) से था। यह रसायन प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन यह तो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर ख़तरा है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में भारत की स्थिति सबसे ज़्यादा ख़राब है।

यहां हृदय रोग से होने वाली 1,03,587 मौतों के लिए कहीं न कहीं यह केमिकल ज़िम्मेवार है। इस अध्ययन का नेतृत्व न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन हेल्थ के वैज्ञानिकों ने किया है। इस अध्ययन के नतीजे एक विश्व प्रसिद्ध जर्नल "लैंसेट ई बायोमेडिसिन" में प्रकाशित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक में उपयोग होने वाले इन केमिकल्स को फ़ेथेलेट्स कहा जाता है। ये प्लास्टिक के डब्बों, कॉस्मेटिक उत्पादों, डिटर्जेंट सालवेंट, कीटनाशकों, पाइपों और मेडिकल उपकरणों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। ये केमिकल सूक्ष्म कणों में बदल कर हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और शोधकर्ताओं के मुताबिक़ ये मोटापा, डायबिटीज, कैंसर तथा प्रजनन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा देते हैं। वर्ष 2022 के दौरान दुनियाभर में जितना प्लास्टिक तैयार हुआ उसमें 10 फ़ीसद से भी कम रीसाइकल मैटीरियल से बनाया गया था। आंकड़ों पर नज़र डालें तो सन् 2022 में चालीस करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हुआ लेकिन उसमें से महज़ 3.8 करोड़ टन यानी 9.5 फ़ीसद ही रीसाइकल करके बनाया गया, जबकि बाक़ी 36.2 करोड़ टन प्लास्टिक में से 98 फ़ीसद का उत्पादन जीवाश्म ईंधन (मुख्य रूप से कोयला और तेल) से किया गया। यह जानकारी प्लास्टिक के जीवन चक्र पर किए गए पहले व्यापक वैश्विक अध्ययन से सामने आई है। भारत के पारिस्थितिकी संवेदनशील हिमालय क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण का संकट दिन प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। नाज़ुक और संवेदी पहाड़ों पर 80 फ़ीसद से अधिक प्लास्टिक कचरा सिंगल यूज खाद्य और पेय पैकिंग से उत्पन्न हो रहा है। चिंताजनक यह है कि इस कचरे में 70 फीसद तो वह प्लास्टिक है जिसे न तो रीसाइकल किया जा सकता है और न ही इसका कोई बाज़ार मूल्य है। कुल कचरे में पीईटी जैसे रीसाइकल योग्य प्लास्टिक की मात्रा मात्र 18.5 फ़ीसद है। द हिमालयन क्लीनअप (टीएचसी) 2024 रिपोर्ट ने 2018 से जम्मू और कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश का व्यापक प्लास्टिक कचरा और ब्रांड ऑडिट के दौरान यह निष्कर्ष दिया है। रिपोर्ट में पाया गया है कि अधिकांश प्रदूषण फैलाने वाले ब्रांड्स जैसे इंस्टेंट नूडल्स और ऊर्जा पेय पदार्थों की पैकिंग कचरे में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज समाज में पर्यावरण संरक्षण की समझ पैदा करने की आवश्यकता है। यह प्लास्टिक मानव जीवन के लिए ख़तरा बन गया है। संवेदनशील पहाड़ों में प्लास्टिक के जमा होते ढेर जानलेवा हैं। यह वन्य जीवों और वनस्पति तथा पर्यावरण के लिए ख़तरा हैं।

इस ख़तरे के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना होगा। ईको सिस्टम को जानने और इसके संरक्षण के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल करना तथा इससे आम नागरिकों को भी जोड़ना होगा। अगर पहाड़ और वहां के पर्यावरण को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती पर वन्य जीव और मानव नहीं, केवल कंक्रीट के घर और प्लास्टिक ही रह जाएंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
राजकुमार सिन्हा



# प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी प्रतिबंध लगाना आवश्यक

विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। वर्ष 1972 में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने की थी। हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ आता है। यह दिन सरकारों, व्यवसायियों और लोगों के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ़ कार्रवाई करने और स्वच्छ, स्वस्थ ग्रह को बढ़ावा देने वाली नीतियों का समर्थन करने का एक अवसर है। इस बार 5 जून, 2025 को कोरिया गणराज्य विश्व पर्यावरण दिवस की मेज़बानी करेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। प्लास्टिक प्रदूषण एक व्यापक पर्यावरणीय समस्या है जो दुनियाभर में पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

साल 1950 में दुनिया में प्लास्टिक उत्पादन 2 मिलियन टन था, जो साल 2021 में बढ़कर 390 मिलियन टन हो गया है। एक अध्ययन के मुताबिक 2.2 करोड़ टन प्लास्टिक पर्यावरण में मिल गया है जिसमें से 60 लाख टन नदियों, तालाबों और सागरों में गया है। 'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में रोहिणी कृष्णमूर्ति की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक बन गया है। यहां सालाना 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक निकलता है जो वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन का लगभग पांचवां हिस्सा है। प्लास्टिक के बेहद महीन कण, माइक्रो प्लास्टिक के रूप में आज पूरी दुनिया में हावी हो चुके हैं। पृथ्वी पर मौजूद पानी का केवल कुछ हिस्सा लगभग 0.3 प्रतिशत ही पीने लायक है। भारत में जल प्रदूषण पहले से ही एक चिंता का विषय है, प्लास्टिक और कचरे के लीक होने से दुनिया का पानी खतरे में है। भूजल और जलाशय का पानी विषाक्त पदार्थों के रिसाव के कारण अतिसंवेदनशील है। यह न केवल पर्यावरण बल्कि इंसानी स्वास्थ्य और जैवविविधता के लिए बड़ा संकट है। समुद्री जीवन, मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य को खतरे में डालने के अलावा प्लास्टिक कचरा वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 3 से 4 प्रतिशत का योगदान देता है। प्लास्टिक प्रदूषण अब नए चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। 'टॉक्सिओलॉजिकल साइंसेज' में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण अब माता के गर्भाशय तक पहुंच गए हैं। यह अध्ययन अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको हेल्थ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने किया है। साइंस पत्रिका में प्रकाशित शोध के प्रमुख लेखक सैमुअल पोटींगर के अनुसार यदि विश्व में प्लास्टिक उत्पादन पर प्रतिबंध नहीं लगाए गए तो 2050 तक प्लास्टिक प्रणाली से होने वाले वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 37 फीसदी की वृद्धि होगी। एक नए वैश्विक अध्ययन से पता चला है कि 2018 में दुनियाभर में दिल की बीमारी से हुई 3,56,000 से ज्यादा मौतों का संबंध प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले एक विशेष रसायन 'डाइ-2-एथाइलहेक्सिल फ्थेलेट (डीईएचपी)' से था। यह रसायन प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसे मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब थी, जहां हृदय रोग से होने वाली 1,03,587 मौतों के लिए कहीं न कहीं यह केमिकल भी जिम्मेवार था। भारत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैधानिक ढांचा प्रदान करता है। नियम शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कचरे के संग्रह सहित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन करने का आदेश देता है। नियमों के तहत, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है कि प्लास्टिक कचरे को खुले में न जलाया जाए। विश्व के लगभग 90 फीसदी समुद्री मछली भंडार का पूर्णतः दोहन हो चुका है, या उनका अत्यधिक दोहन हो चुका है।

भारत के ऋषि - मुनि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को मां स्वरूप माना गया है। परन्तु हमने इस सीख को भुलाकर विनाश का रास्ता पकड़ लिया है।

(लेखक होम्योपैथिक चिकित्सक एवं जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।


## स्वामी विवेकानंद और अंग्रेज



संकलित
प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से कहीं जा रहे थे। वे जिस डिब्बे में सफर कर रहे थे, उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी थे। उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी। वे साधुओं की भर-पेट निंदा कर रहे थे। साथ वाले साधु यात्री को भी गाली दे रहे थे। उनकी सोच थी कि चूंकि साधू अंग्रेजी नहीं जानते हैं, इसलिए उन अंग्रेजों की बातों को नहीं समझ रहे होंगे। इसलिए उन अंग्रेजों ने आपसी बातचीत में साधुओं को कई बार भला-बुरा कहा। हालांकि, उन दिनों की हकीकत थी कि साधु अंग्रेजी जानते भी नहीं थे। रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया, जहां विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें विद्वान एवं अधिकारी भी थे। उन्होंने यहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी अंग्रेजी में ही दिए। अंग्रेज सहयात्री ये सब देख रहे थे। ये देखकर, रेल में उनकी बुराई कर रहे उन अंग्रेज यात्रियों को सांप सूंघ गया। अवसर मिलते ही वे विवेकानंद के पास गए। उन्होंने नम्रतापूर्वक पूछा कि क्या आपने हमारी बात सुनी? स्वामीजी ने सहजता से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि उनका मस्तिष्क अपने ही कार्यों में व्यस्त था। इसीलिए उन्हें लोगों की बात सुनने का अवसर नहीं मिला। उनका यह जवाब अंग्रेजों को शर्मसार कर गया। अंग्रेजों ने चरणों में झुककर क्षमा याचना की। वे स्वामीजी के प्रति आदर भाव दिखाने लगे। वे उनके ज्ञान का सम्मान करने लगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है।

*- महेश साहू, बसना*

## करंट अफेयर


### पोलैंड के पीएम 11 जून को करेंगे विश्वासमत साबित



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है। यह राष्ट्रपति पद से अलग है, लेकिन राष्ट्रपति के पास कानूनों को वीटो करने की शक्ति है और नवरोकी की जीत से टस्क के लिए अपने यूरोपीय समर्थक एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। टस्क ने वारसॉ में कैबिनेट बैठक की शुरुआत में विश्वास मत साबित करने की तारीख की घोषणा की। टस्क ने कहा, 'नए राजनीतिक परिदृश्य में हम सत्र शुरू करने जा रहे हैं। नई राजनीतिक सच्चाई है। हमारे पास एक नए राष्ट्रपति हैं। लेकिन संविधान, हमारे दायित्व और नागरिकों की अपेक्षाएं नहीं बदली हैं। पोलैंड में, सरकार शासन करती है जो एक बड़ा दायित्व और सम्मान है।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

## ऑफ बीट


### क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ - और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वेंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है।

## ट्रेंड

### रक्षा साझेदारी की समीक्षा



ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की समीक्षा की। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने में उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता हमारी रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षामंत्री

### अग्निवीरों का सम्मान



चार वर्ष की सेवा के उपरांत अग्निवीरों के ससम्मान समायोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने एवं आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सुरक्षित आश्रय बनाए



दिल्ली में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। चौक-चौराहों पर कैमरा नेटवर्क को दुरुस्त किया जा रहा है। 'सखी निवास' जैसे सुरक्षित आश्रय बनाए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं वहां ठहर सकें।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बिहार कब बदलेगा



जिला मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म व उसके इलाज में देरी/लापरवाही से हुई मौत की ताजा घटना राज्य की भी बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता-जागता प्रमाण, जो अति-निन्दनीय एवं चिन्तनीय। बिहार कब बदलेगा?
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 'चिनाब रेल ब्रिज' भूकंप प्रूफ है और 266 किमी प्रति घंटे की हवा में भी सुरक्षित रहेगा, पीएम आज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ जम्मू

'चिनाब रेल ब्रिज' को इंजीनियरिंग का एक आधुनिक चमत्कार कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जम्मू और कश्मीर में स्थित यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। यह ब्रिज पेरिस के मशहूर एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है और दिल्ली की मशहूर कुतुब मीनार से लगभग 287 मीटर ऊंचा है।

लागत 1486 करोड़

ऊंचाई 359 मीटर

पाइल संख्या 333



### क्या है ब्रिज की खासियत?

चिनाब रेल ब्रिज नदी के तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में 1315 मीटर का यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस पुल का निर्माण 1486 करोड़ की लागत से किया गया है। यह 266 किमी प्रति घंटे तक की हवा की गति का सामना कर सकता है. साथ ही यह ब्रिज भूकंपीय क्षेत्र पांच में स्थित है और रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता के भूकंप को सहने में सक्षम है।

### टिकाऊ और तकनीकी रूप से उन्नत

इसके ढांचे में 333 पाइल हैं। इसमें एंटी-कोरोजन तकनीक, पॉलीसिलॉक्सेन पेंट, उन्नत स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंफोर्सड प्लास्टिक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ रहेगा। इस ब्रिज के निर्माण ने भारत की डिजाइन और सर्टिफिकेशन में तकनीकी श्रेष्ठता को साबित किया है।



### 'वंदे' भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

पीएम मोदी शुक्रवार को दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे 'आर्च ब्रिज' चिनाब रेल पुल का उद्घाटन करेंगे और जम्मू-कश्मीर के कटरा तथा श्रीनगर के बीच 'वंदे' भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे।

ब्रिज रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता के भूकंप को सह सकता है

ब्रिज 266 किमी प्रति घंटे तक की हवा की गति का सामना करने में सक्षम

## खबर संक्षेप

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली



**पटना।** अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। बाद में बम की यह धमकी फर्जी निकली। उड़ान संख्या 6ई921 के जेपी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली।

### अरबी और महल भाषाओं को हटाने की आलोचना



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के स्कूली पाठ्यक्रम से अरबी और महल भाषाओं को हटाने के कथित फैसले की आलोचना की। यह बेहद परेशान करने वाला फैसला है तथा इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

### केंद्र सरकार दिखाएगी 11 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड

**नई दिल्ली।** विकसित भारत का अमृत काल और सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के जरिए भारत में बदलाव के 11 वर्ष जैसे व्यापक विषयों के साथ केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बुधवार को 72 सदस्यीय मंत्रिपरिषद की बैठक करेगी। उसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए योजनाओं की शुरुआत की जाएगी।

## कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा का पलटवार, नड्डा ने बोला हमला

# इतिहास नेहरू-गांधी परिवार के 'आत्मसमर्पणों' से भरा, राहुल सशस्त्र बलों का अपमान कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'आत्मसमर्पण' वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो ''हम उस पर हंसते''। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, ''यह देशद्रोह से कम नहीं है।

भाजपा अध्यक्ष बोले, यह देशद्रोह से कम नहीं

किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते

उसकी सेना और उसके पीएम की भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं

देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया

### भारत कभी किसी के सामने आत्मसमर्पण नहीं करेगा



उन्होंने भारत का विभाजन, ''चीन और पाकिस्तान द्वारा भारतीय भूभाग पर कब्जा करने'' समेत कांग्रेस के शासनकाल में हुई ऐतिहासिक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इतिहास नेहरू-गांधी परिवार के ऐसे 'आत्मसमर्पणों' से भरा पड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्हें ''भारत मां के 'मृगेंद्र' (शेर)'' बताया। त्रिवेदी ने कहा, ''राहुल गांधी और कांग्रेस का आत्मसमर्पण का इतिहास हो सकता है, लेकिन भारत कभी किसी के सामने आत्मसमर्पण नहीं करेगा।'

### आपका इतिहास ही ऐसा

नड्डा ने 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा, ''राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।'' उन्होंने कहा, ''आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है।

### सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया

आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।'

### सुधांशु ने बोला हमला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने के मामले में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है।

### खतरनाक मानसिकता

उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के कटाक्ष एक ''बीमार और खतरनाक मानसिकता'' को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा और उसके सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को ''राहुल मुनीर'' और ''राहुल शरीफ'' कहा।

### तीसरा पक्ष नहीं कर रहा मध्यस्थता

उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी स्पष्ट कटाक्ष किया, जिनके भारत और पाकिस्तान की ओर से सैन्य कार्रवाइयों को रोकने में मध्यस्थता के बार-बार के दावों ने विपक्ष को मोदी सरकार पर हमला करने का एक मौका दे दिया। भाजपा प्रवक्ता ने ट्रंप द्वारा यह 'पोस्ट' किए जाने का उल्लेख किया कि अमेरिका के उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडन को 2020 में मार दिया गया था और उनकी जगह एक 'रोबोट क्लोन' को नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा, ''कोई कितना भरोसा कर सकता है... मैं अमेरिकी सरकार से भी पूछना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल हैंडल ''ट्रूथ''पर यह टिप्पणी की है। बेहतर होगा कि राहुल गांधी हमें बताएं कि क्या वह इस पर विश्वास करते हैं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों और विदेश मंत्रालय ने कई बार स्पष्ट किया है कि कोई तीसरा पक्ष मध्यस्थता नहीं कर रहा है। त्रिवेदी ने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने एक बार मोदी से कहा था कि वह ''उस देश (पाकिस्तान) को रोक सकते हैं जो भारत को

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भाजपा पर कटाक्ष किया



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पहला मौका है जब सशस्त्र संघर्ष में देश की जीत के बारे में बताने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों को विदेश भेजा गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने सत्तारूढ़ दल पर 'सिंदूर' के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया था। उन्होंने भाजपा से पूछा था कि क्या उसने 'एक राष्ट्र एक पति' योजना शुरू की है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के इस आरोप का जवाब देते हुए कि वह पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं, मान ने पूछा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घर-घर 'सिंदूर' भेजने का अपना फैसला क्यों वापस ले लिया।

## आसानी से मिलेगा ट्रेन टिकट, फर्जी यूजर आईडी रद्द

**नई दिल्ली।** रेलवे ने टिकट बुकिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने अत्याधुनिक एआई आधारित बीओटी नियंत्रण प्रणाली और एक अग्रणी कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) सेवा प्रदाता के साथ मिलकर अपने डिजिटल टिकटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से अपग्रेड किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अनधिकृत स्वचालित बुकिंग (ऑटोमैटेड बुकिंग) पर रोक लगाना और सामान्य यात्रियों को वेबसाइट तक बेहतर पहुंच प्रदान करना है। रेलवे के अनुसार, तत्काल बुकिंग शुरू होते ही पहले पाँच मिनट में 50 प्रतिशत तक लॉगिन प्रयास बॉट्स से होते हैं। लेकिन नई व्यवस्था ने ऐसे ट्रैफिक को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया है। 22 मई को रेलवे ने प्रति मिनट 31,814 टिकट बुकिंग का रिकॉर्ड बनाकर इस नई प्रणाली की मजबूती सिद्ध किया। रेलवे द्वारा 2.5 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को रद्द कर दिया गया है। इन आईडी का उपयोग एजेंटों द्वारा बीओटी सॉफ्टवेयर के माध्यम से टिकटों की बुकिंग में किया जाता था।


**कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।**

**कोटेशन आमंत्रित**

11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून 2025 को आईटीआई ब्वॉय नारनौल में मनाया जाएगा। जिसके लिए इस कार्यालय द्वारा दिनांक 22/05/2025 को कुटेशनें आमंत्रित की गई थी। जिसमें निम्नलिखित वस्तुओं व सेवाओं के लिए कुटेशनें प्राप्त नहीं हुई / कम मात्रा में प्राप्त हुई हैं इसलिए नीचे दी गई वस्तुओं बारे दोबारा कुटेशनें आमंत्रित की जाती हैं।

1. एल०ई०डी० स्क्रीन ।
2. बैनर, होर्डिंग व फलैक्स साईट पर लगाने सहित।
3. नैटवर्क कनैक्शन ।
4 फलों की टोकरी व स्टेज सजावट सामग्री।

नोटः- इच्छुक फर्म अपनी कुटेशनें बंद लिफाफे में जिला आयुर्वेद अधिकारी, नारनौल के नाम दिनांक 13-06-2025 को दोपहर 01.00 बजे तक बाबा खेतानाथ राज० आयुर्वेदिक अस्पताल, पटीकरा नारनौल के प्रागंण में स्थित जिला आयुर्वेद अधिकारी, नारनौल, के कार्यालय के प्रथम मंजिल पर कमरा नंबर 107 में भिजवाएं। कुटेशनें नगराधीश, नारनौल की अध्यक्षता में गठित कमेटी सदस्यों के समक्ष व फर्म सदस्यों की मौजूदगी में दिनांक 13-06-2025 को दोपहर बाद 3 बजे उपायुक्त महोदय महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल के कार्यालय में खोली जाएंगी। वस्तुओं की मात्रा में कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा शर्तें जिला आयुर्वेद अधिकारी के कार्यालय से दिनांक 13-06-2025 को दोपहर 1. 00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं।

हस्ता/-जिला आयुर्वेद अधिकारी
महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल

पीआरडीएच 1010/11/147/2026/35362/88/6 दि. 04.06.2025


## कोर्ट ने खारिज की दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर दावे से जुड़ी याचिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका खारिज कर दी, जिसमें बोर्ड ने दावा किया था कि राजधानी के शाहदरा इलाके में एक संपत्ति 'वक्फ संपत्ति' है और वहां लंबे समय से एक गुरुद्वारा चल रहा है। जस्टिस संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के वकील से कहा, वहां गुरुद्वारा है, तो उसे रहने दीजिए। अगर कोई दावा भी है तो आपको यह दावा छोड़ देना चाहिए, क्योंकि वहां पहले से ही गुरुद्वारा मौजूद है। शीर्ष कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दिल्ली वक्फ बोर्ड ने सितंबर 2010 के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, जिसने संपत्ति के स्वामित्व के लिए दायर उसके मुकदमे को खारिज कर दिया था।

## कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेडा ने मोदी सरकार की विदेशी नीति को बताया पूरी तरह फेल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेडा ने पत्रकारों से बातचीत में मोदी सरकार पर एक के बाद एक कई कटाक्ष किये। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार दावे - 21 दिनों में 11 - कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के लिए हस्तक्षेप किया, यह दर्शाता है कि कैसे मोदी सरकार ने भारत के हितों को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि 23 मई, 2025 को, संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड डब्ल्यू. लुटनिक ने संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में एक हलफनामा दायर किया, जिसमें दावा किया गया कि भारत पाकिस्तान के बीच युद्धविराम केवल राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप के बाद ही हुआ और दोनों देशों को पूर्ण पैमाने पर युद्ध को टालने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार करने की पेशकश की। उन्होंने स्टील पर टैरिफ से लेकर टेस्ला द्वारा 'मेक इन इंडिया' में शामिल न होने तक, एलन मस्क को लुभाने के बावजूद, स्टारलिंक को प्राप्त करने से, जो राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है।


**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल ग्यारह (11) स्टॉलः** बहादुरगढ़, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, पानीपत, गुड़गांव, समालखा और सोनीपत स्टेशनों पर।

ख) **कुल चौंतीस (34) ट्रालीः** जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- बहादुरगढ़, गाजियाबाद, गुड़गांव, समालखा, सोनीपत और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य / केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों / बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) / राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) / गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित / पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर / बुनकर / शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.06.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों क प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12 / 2022 एवं 09 / 2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः **www.indianrailways.gov.in & URL** https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1659/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 127 दिनांक 27.05.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - शालू सहगल
पिता/पति- पत्नी गौरव
पता - निवासी 211/3 संजय नगर रोहतक
उम्र- 35 वर्ष
कद- 5 फुट 3 इंच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, दाहिने हाथ पर मोरपंख बना हुआ ।
पहनावा - स्लेटी रंग का पजामा, टी शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 27.05.25 को शालू सहगल पत्नी गौरव निवासी 211/3 संजय नगर रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 9813568669

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 141 दिनांक 31.05.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम- विनोद उर्फ सन्नी
पिता/पति- पुत्र रामनिवास
पता - निवासी गांव धामड जिला रोहतक
उम्र-27 वर्ष
कद- 5 फुट 3 ईच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा हरे रंग की चैक की शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट व पैरों में हरे रंग के जूते पहने हुए।

दिनांक 31.05.25 को विनोद उर्फ सन्नी पुत्र रामनिवास निवासी गांव धामड जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9812820958

पीआरडीएच-1084/11/3478/2026/35355/88/6 दि. 04.06.2025


## अरावली पर्वतमाला के पुनर्वनीकरण के लिए विशेष पहल शुरू करेंगे पीएम



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दिल्ली से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वतमाला के पुनर्वनीकरण के मकसद से एक विशेष पहल की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी राष्ट्रीय राजधानी के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत बृहस्पतिवार सुबह बरगद का पौधा लगाएंगे। यह कदम 'अरावली ग्रीन वॉल परियोजना' का हिस्सा होगा।

### 29 जिलों में फैली भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला

बयान में कहा गया है कि 'अरावली ग्रीन वॉल परियोजना' दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के 29 जिलों में फैली भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला के आसपास के पांच किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरित आवरण का विस्तार करने की एक अहम पहल है। इसमें कहा गया है कि परियोजना का मकसद वनरोपण, पुनर्वनीकरण और जलाशयों के जीर्णोद्धार के जरिये अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। पीएमओ ने कहा कि इससे क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, पानी की उपलब्धता और जलवायु लचीलापन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी।


**BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS — BREEZ INFRA**

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

**Global Heights 89, Sector 89, Gurugram**

**LICENCE NO. 85 OF 2021**

| Form No. | No. | Type |
|---|---|---|
| 52428 | T 15 - 1402 | Global Heights 89 |
| 82141 | T 15 - 402 | Global Heights 89 |
| 82273 | T 14 - 1001 | Global Heights 89 |
| 82310 | T 15 - 401 | Global Heights 89 |
| 82394 | T 14 - 304 | Global Heights 89 |

नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Registered Office: P903-905, C Wing, 9th floor, JMD MEGAPOLIS, Sector-48, Sohna Road, Gurugram
Ph: 0124 2659076 / 77 / 78


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## लंदन में संसद के दोनों सदनों में बोले-सांसद रविशंकर प्रसाद

# आतंकी हमलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे, आतंक के खिलाफ दुनिया को एकजुट होना होगा

एजेंसी ▶▶ लंदन

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रिटेन यात्रा मंगलवार को लंदन में संसद के दोनों सदनों और 'इंडिया हाउस' में कई बैठकों के बाद संपन्न हुई। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का कड़ा रुख स्पष्ट रूप से पेश किया। सांसद रविशंकर ने कहा कि पाकिस्तान से किए जाने वाले आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत की कतई बर्दाश्त न करने की नीति को ब्रिटेन में 'स्पष्ट रूप से समझा गया।' उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संसदीय स्तर पर बेहतर आदान-प्रदान को लेकर सहमति भी बनी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और इसके संबंध में फैसला पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर करेगा।



### प्रवासी भारतीयों को दिया एकजुटता का संदेश

**ब्रसेल्स(भाषा)।** सीमा पार आतंक से निपटने के लिए भारत की 'अटूट प्रतिबद्धता' की पुष्टि करते हुए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया और इस बात पर जोर दिया कि नई दिल्ली अपने 'संकल्प और कार्रवाई' में दृढ़ है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आतंक के खिलाफ भारत के रुख को दोहराने के लिए बेल्जियम पहुंचा।

### मिस्रः आतंक से निपटने को 'सामूहिक' संकल्प

**काहिरा (भाषा)।** मिस्र के पूर्व विदेश मंत्री के नेतृत्व में यहां आयोजित एक उच्च स्तरीय वार्ता में भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए देश के 'सैद्धांतिक रुख' और 'सामूहिक संकल्प' को दोहराया। एसपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के प्रमुख बुद्धिजीवियों, मीडिया क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों और विशेषज्ञों के साथ 'कारगर' बातचीत की।

### भारत शांति में विश्वास करता

*तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन प्रतिधिनिमंडल ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंड्से हॉयल के साथ बातचीत की। उसने संसद में 'इंडिया ऑल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप' (एपीपीजी) की ओर से आयोजित संवाद में भी हिस्सा लिया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हम शांति और सौहार्द में विश्वास करते हैं, लेकिन हम आतंकवादियों को हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करने की अनुमति नहीं दे सकते।*

### शशि थरूर की अगुवाई में पुनः अमेरिका यात्रा पर पहुंचा भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा के तहत एक बार फिर से अमेरिका पहुंच गया है। उनका प्रवास संभवतः दो दिवसीय है। जिसमें प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी प्रशासन, कांग्रेस के सदस्यों, थिंक टैंक और मीडिया से बातचीत करेगा और उनके सामने आतंकवाद पर भारत की नई सोच के साथ सामने आई जीरो टॉलरेंस की नीति से जुड़े हुए देश के पक्ष को मजबूती के साथ रखेगा।

**दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल रहा मुद्दा**

### आतंकवाद के खिलाफ जंग में ऑस्ट्रेलिया का साथ

**नई दिल्ली।** भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम हमले पर नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की। सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड के साथ विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की "गंभीर चुनौतियों" पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में पिछले महीने संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

**अमेरिका में बिलावल भुट्टो को पत्रकार फथी ने लताड़ा**

### भारतीय मुसलमानों की छवि खराब करने पर दिखाया आईना

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद आतंक के मामले पर पूरी दुनिया के सामने बुरी तरह से एक्सपोज हो चुके पाकिस्तान के नेता भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी से जुड़ा हुआ है। जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित की गई



प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में मुसलमानों के हालात खराब होने का एक झूठा और बेबुनियाद आरोप लगाया। लेकिन इससे पहले की वो कुछ और कहते, वहां मौजूद एक वरिष्ठ अमेरिकी पत्रकार अहमद फथी ने कहा, सर, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाक में हुई सभी प्रेस कॉन्फ्रेंस को खुद व्यक्तिगत रूप से देखा है। भारत की प्रेस कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व का एक मुस्लिम सैन्य अधिकारी ने किया था। इस पर बिलावल के होश उड़ गए और वो कुछ नहीं बोल पाए। सिर्फ सिर हिलाने लगे। लेकिन फथी यहीं नहीं रुके, उन्होंने ये भी कहा कि कर्नल कुरैशी ने न केवल नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व किया। बल्कि वह भारत के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरीं। अमेरिकी पत्रकार कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में ये टिप्पणी कर रहे थे।

### बांग्लादेश ने मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

**ढाका (भाषा)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की



उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। बुधवार को मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

## केंद्रीय कोष का इस्तेमाल गरीब कैदियों की जमानत में मदद के लिए करें राज्य

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

**2023 में गृह मंत्रालय ने 'गरीब कैदियों को सहायता योजना' शुरू की थी**

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे केंद्रीय कोष से उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें, जो आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना अदा न कर पाने के कारण जमानत या जेल से रिहाई पाने में असमर्थ हैं।

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सूचित किया है कि वे उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए धन का इस्तेमाल पात्र कैदियों को लाभ पहुंचाने में कर सकते हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के माध्यम से धनराशि प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो को सीएनए के रूप में नामित किया गया है। आप जानते हैं, गृह मंत्रालय ने मई, 2023 में 'गरीब कैदियों को सहायता योजना' शुरू की थी।

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से विश्वास होता कमजोर : गवई



■ ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में आयोजित गोलमेज सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है। ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशियल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे "गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है।" भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब भी भ्रष्टाचार और कदाचार के ये मामले सामने आए हैं, उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार को दूर करने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। इसके अलावा, हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं।

### वियतनाम ने दो बच्चों की नीति को खत्म किया

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की नीति समाप्त कर दी। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो एक या दो बच्चे पैदा करने ही अनुमति देते थे।

